Hepatitis C can be cured

**Get tested, Get cured,
Live your life.**

हेपेटाइटिस सी का इलाज हो सकता है

जांच कराएं, ठीक हो जाएं,
अपनी जिंदगी जीएं।

What is hepatitis C?

हेपेटाइटिस सी क्या है?

Hepatitis C is inflammation of the liver. It is caused by a virus known as the hepatitis C virus.

हेपेटाइटिस सी यकृत (लिवर) की सूजन होती है। यह एक वायरस के कारण होता है, जिसे हेपेटाइटिस सी वायरस कहते हैं।

Left untreated, hepatitis C can lead to serious liver disease or cancer. But there is a cure.

इलाज न कराने पर, हेपेटाइटिस सी गंभीर यकृत रोग या कैंसर का कारण हो सकता है। लेकिन इसका उपचार मौजूद है।

Hepatitis C is common in Australia. Over 200,000 people in Australia have hepatitis C. It is also very common in many countries around the world. Many people in our community living in Australia have hepatitis C.

ऑस्ट्रेलिया में हेपेटाइटिस सी आम है। ऑस्ट्रेलिया में 200,000 से अधिक लोगों को हेपेटाइटिस सी है। यह दुनिया के कई देशों में भी बहुत आम है। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले हमारे समुदाय के कई लोगों को हेपेटाइटिस सी है।

Hepatitis C is a serious, but slow acting virus, so people may not know they have it. Significantly more people in Australia are dying from hepatitis C than HIV/AIDS.

हेपेटाइटिस सी एक गंभीर, लेकिन धीरे-धीरे काम करने वाला वायरस है, इसलिए हो सकता है लोगों को यह पता न हो कि वे इससे पीड़ित हैं। ऑस्ट्रेलिया में HIV/AIDS की तुलना में हेपेटाइटिस सी से बहुत अधिक लोग मर रहे हैं।

Don’t wait to talk to friends and family about hepatitis C.

हेपेटाइटिस सी के बारे में दोस्तों और परिवार से बात करने का इंतजार न करें।

How do you get hepatitis C?

आपको हेपेटाइटिस सी कैसे होता है?

Hepatitis C is only in blood.

हेपेटाइटिस सी केवल खून में होता है।

There are a number of ways that hepatitis C can be transmitted through blood:

खून के माध्यम से हेपेटाइटिस सी फैलने के कई तरीके होते हैं:

HQ HEPATITIS QUEENSLAND Hepatitis and Liver Health

hepatitis australia

- Blood transfusions or blood products in your country of origin (at a time when screening for hepatitis C was not undertaken).
- आपके मूल देश में खून चढ़ाया जाना या खून के उत्पाद (उस समय जब हेपेटाइटिस सी के लिए जांच नहीं की जाती थी)।
- Medical or dental procedures in your country of origin (where unregulated or unsterile practices may have been undertaken, including reuse of glass syringes).
- आपके मूल देश में चिकित्सा या दंत (डेंटल) प्रक्रियाएं (जहां हो सकता है ग्लास सिरिंज के दुबारा उपयोग सहित अनियमित या गैर-जीवाणुहीन अभ्यास अपनाए गए हों)।
- Vaccinations or injections overseas (where unregulated or unsterile practices may have been undertaken including reuse of glass syringes).
- विदेश में टीकाकरण या इंजेक्शन (जहां हो सकता है ग्लास सिरिंज के दुबारा उपयोग सहित अनियमित या गैर-जीवाणुहीन अभ्यास अपनाए गए हों)।
- Any cultural or traditional practices that involve blood.
- ऐसी सांस्कृतिक या पारंपरिक प्रथाएं, जिनमें रक्त शामिल हो।
- Unsterile tattooing, piercings or sharing needles.
- गैर-जीवाणुहीन टैटू गुदवाना, छेदन या सुइयां साझा करना।
- Cosmetic tattooing in Australia and overseas.
- ऑस्ट्रेलिया तथा विदेशों में सौंदर्यवर्धक टैटू गुदवाना।

Hepatitis C is NOT passed on by touching, kissing, breastfeeding, hugging, coughing, sneezing, or sharing food or bathrooms.

हेपेटाइटिस सी छूने, चुंबन करने, स्तनपान कराने, गले लगाने, खांसने, छींकने, या भोजन अथवा बाथरूम साझा करने से नहीं फैलता है।

Many people in our families and communities have hepatitis C. They need our support.

हमारे परिवारों और समुदायों के कई लोगों को हेपेटाइटिस सी है। उन्हें हमारी सहायता की जरूरत है।

What are the symptoms for hepatitis C?

हेपेटाइटिस सी के लक्षण क्या होते हैं?

A lot people with hepatitis C may not be aware they have it for many years. However, some people may have symptoms such as;

हो सकता है कि हेपेटाइटिस सी से ग्रस्त बहुत से लोगों को पता ही न हो कि यह उन्हें कई सालों से है। हालांकि, कुछ लोगों को लक्षण हो सकते हैं, जैसे;

- Tiredness and lacking energy, or sleep problems.
- थकान और ऊर्जा की कमी, या नींद की समस्याएं।
- Flu-like symptoms which come and go.
- फ्लू जैसे लक्षण, जो आते और जाते रहते हैं।
- Mood swings, anxiety and depression.
- मनोदशा में परिवर्तन, चिंता और अवसाद।

See your doctor to discuss these symptoms, as they may be caused by other health issues.

इन लक्षणों पर चर्चा करने के लिए अपने डॉक्टर से मिलें, क्योंकि हो सकता है कि वे अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के कारण हों।

HQ HEPATITIS QUEENSLAND Hepatitis and Liver Health

hepatitis australia

How do I know if I have hepatitis C?

मुझे कैसे पता चलेगा कि मुझे हेपेटाइटिस सी है?

You can find out if you have hepatitis C by getting two blood tests.

आप खून की दो जांच कराके जान सकते हैं कि आपको हेपेटाइटिस सी है या नहीं।

The first blood test (hepatitis C antibody test) is to check if you have ever had hepatitis C in your blood. If that is positive, they do a second test (hepatitis C PCR test) to see if the hepatitis C virus is still there, or if your body has fought it off.

खून की पहली जांच (हेपेटाइटिस सी एंटीबॉडी परीक्षण) यह देखने के लिए होती है कि क्या आपके खून में कभी हेपेटाइटिस सी रहा है। यदि यह सकारात्मक हुआ, तो यह देखने के लिए कि क्या हेपेटाइटिस सी के वायरस अभी भी हैं, या यदि आपके शरीर ने लड़कर इन्हें समाप्त कर दिया है, वे एक दूसरी जांच (हेपेटाइटिस सी PCR परीक्षण) करते हैं।

The PCR test is the one that checks to see if the actual hepatitis C virus is still in your body. If that is positive the doctor may discuss options for treatment.

PCR परीक्षण में इस बात की जांच की जाती है कि क्या आपके शरीर में हेपेटाइटिस सी के वायरस अभी भी हैं। यदि वह सकारात्मक हुआ, तो डॉक्टर उपचार के लिए विकल्पों पर चर्चा कर सकते हैं।

You can get your blood test for hepatitis C from your doctor.

हेपेटाइटिस सी के लिए आप अपने डॉक्टर से अपने खून की जांच करा सकते हैं।

Is there a cure for hepatitis C?

क्या हेपेटाइटिस सी का कोई इलाज है?

Yes there is a safe and effective cure for hepatitis C. Almost everyone who takes the treatment will be cured.

जी हाँ, हेपेटाइटिस सी का एक सुरक्षित और कारगर इलाज है। उपचार कराने वाला लगभग हर कोई ठीक हो जाएगा।

Getting cured of hepatitis C not only reduces the risk of liver failure or liver cancer, it can improve people's quality of life.

हेपेटाइटिस सी के ठीक होने से यकृत की विफलता या यकृत कैंसर का खतरा ही कम नहीं होता, यह लोगों के जीवन की गुणवत्ता भी सुधार सकता है।

The treatment is a course of tablets, taken daily for around 12 weeks (sometimes longer). The tablets have little or no side effects.

यह उपचार गोलियों का एक कोर्स है, जिसे लगभग १२ सप्ताह (कभी-कभी अधिक समय तक) तक प्रतिदिन लिया जाता है। गोलियों के दुष्प्रभाव बहुत कम या बिलकुल नहीं होते।

It is important you take the tablets daily, and never share the medication. You need the whole amount to be cured.

यह जरूरी है कि गोलियां को आप रोज लें, तथा दवा को कभी साझा न करें। ठीक होने के लिए, आपको पूरी मात्रा की जरूरत होती है।

See your doctor about getting tested and cured for hepatitis C.

हेपेटाइटिस सी की जांच कराने और ठीक होने के सिलसिले में अपने डॉक्टर से मिलें।

HQ HEPATITIS QUEENSLAND
Hepatitis and Liver Health
hepatitis australia

Do I have to pay for hepatitis C treatment?

हेपेटाइटिस सी के उपचार के लिए क्या मुझे भुगतान करना होगा?

The simple cure for hepatitis C is now affordable as it is listed on the government's Pharmaceutical Benefits Scheme (PBS). This means that everyone with a Medicare card can have the hepatitis C medication for free. There is a small cost to collect the tablets at the pharmacy. This is the usual PBS prescription fee.

हेपेटाइटिस सी का आसान इलाज अब किफायती है, क्योंकि यह सरकार की औषध लाभ योजना (फार्मास्युटिकल बेनिफिट्स स्कीम (PBS)) में सूचीबद्ध है। इसका मतलब है कि मेडिकेयर कार्ड वाला हर आदमी, हेपेटाइटिस सी की दवा मुफ्त पा सकता है। फार्मेसी से टैबलेट लेने की छोटी सी लागत होती है। यह आम PBS प्रिस्क्रिप्शन शुल्क होता है।

My family member doesn't speak English. What can I do to help them get tested and cured?

मेरे परिवार का सदस्य अंग्रेजी नहीं बोलता। जांच और इलाज में उनकी सहायता के लिए मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

If English is not your family member's first language, and they have a Medicare card, they can ask their doctor or pharmacist to call the TIS National Contact Centre on 131 450 at any time to access a phone interpreter during their medical appointment. This is a free service.

अगर अंग्रेजी आपके परिवार के सदस्य की पहली भाषा नहीं है, और उनके पास मेडिकेयर कार्ड है, तो वे अपने मेडिकल अप्वाइंटमेंट के दौरान किसी फोन दुभाषिया तक पहुंचने के लिए अपने डॉक्टर या फार्मासिस्ट से किसी भी समय 131 450 पर TIS नेशनल कॉन्टैक्ट सेंटर को कॉल करने के लिए कह सकते हैं। यह सेवा निःशुल्क है।

Where do I go for more information?

अधिक जानकारी के लिए मैं कहां जाऊं?

See your doctor, or call the National Hepatitis information line on 1800 437 222. (1800 HEP ABC) or email your local hepatitis organisation.

अपने डॉक्टर से मिलें, या 1800 437 222 पर नेशनल हेपेटाइटिस सूचना लाइन को कॉल करें। (1800 HEP ABC) या अपने स्थानीय हेपेटाइटिस संगठन को ईमेल करें।

Don't wait to talk about hepatitis C.
हेपेटाइटिस सी के बारे में बात करने का इंतजार न करें।

Let's work together to keep our community healthy and strong.

आइए, अपने समुदाय को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए मिलकर काम करें।

HEPATITIS QUEENSLAND
Hepatitis and Liver Health

hepatitis australia

hep TEST CURE LIVE

GET TESTED. GET CURED. LIVE YOUR LIFE

जांच कराएं। ठीक हो जाएं। अपनी जिंदगी जीएं

Call the national hepatitis info line: 1800 437 222 (1800 HEPABC)

राष्ट्रीय हेपेटाइटिस सूचना लाइन को कॉल करें: 1800 437 222 (1800 HEPABC)

www.testcurelive.com.au